प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.05.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

शहरी निकाय चुनाव

धर्मशाला, पालमपुर, मण्डी और सोलन नगर निगमों सहित प्रदेश के 51 शहरी निकायों में कल मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा जो दोपहर बाद 3 बजे तक जारी रहेगा। नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान खत्म होने के तुरंत बाद शुरू होगी और कल शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी। शहरी निकायों के लिए प्रदेश में 4 सौ 39 पदों के लिए एक हज़ार एक सौ 47 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम के चुनाव पार्टी चिन्ह पर करवाए जा रहे हैं और मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच होगा। दोनों ही पार्टियों ने अपने–अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं और प्रदेश के सभी बड़े नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की। नगर पंचायतों और नगर परिषदों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए जा रहे हैं। शहरी निकाय चुनावों में लगभग 3 लाख 80 हज़ार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

....

डीसी सोलन

नगर निगम सोलन में मतदान के लिए 38 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 14 मतदान केन्द्रों का ज़िम्मा महिला कर्मचारियों को सौंपा गया है। शहर में 7 मतदान केन्द्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि पोलिंग पार्टियां अपने–अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दी गई हैं। उन्होंने शहर के सभी लोगों से मतदान करने की अपील की है।

....

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज शिमला से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनका कल नई दिल्ली से थिरूवनंतपुरम जाने का कार्यक्रम है जहां वे 18 मई को केरलम् के नए मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का 19 मई को शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

....

नड्डा–डेंगू दिवस

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस है। केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित इस दिवस का उद्देश्य डेंगू के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसून से पहले इसके खिलाफ

निवारक उपायों को मजबूत करना है। यह दिवस मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उद्देश्य से सरल नियंत्रण रणनीतियों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस मौके पर नागरिकों से डेंगू की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार बेहतर निगरानी, व्यापक परीक्षण, बेहतर उपचार सुविधाओं और व्यापक जागरूकता अभियानों के माध्यम से डेंगू नियंत्रण प्रयासों को मजबूत करना जारी रखे हुए है। इस वर्ष का विषय है, ''डेंगू नियंत्रण के लिए सामुदायिक भागीदारी – जांच करें, साफ करें और ढकें।'' जे.पी. नड्डा ने डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर बल दिया है।

....

सीबीएसई–परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध सुविधाओं के बारे में एक नोटिस जारी किया है। इसमें निष्पक्ष, पारदर्शी और समान मूल्यांकन प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। सी.बी.एस.ई. ने कहा है कि जो विद्यार्थी अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे दो चरणों वाली समीक्षा प्रणाली का लाभ उठा सकते हैं।

....

सेना संवाद

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाना बंद करनी होगी। नई दिल्ली में सेना संवाद कार्यक्रम में उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि यदि पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखता है तो उसे यह खुद तय करना होगा कि वह भूगोल और इतिहास का हिस्सा बना रहना चाहता है या नहीं। सेना प्रमुख की यह टिप्पणी भारत की आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति को दर्शाती है।

....